## खबर संक्षेप

### नरवाई प्रबंधन यंत्र हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर अनुदान पर खरीदने हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**मण्डला।** कृषि अभियांत्रिकी विभाग के ऑनलाईन पोर्टल ई-कृषि यंत्र अनुदान के लिये वेबसाइट dbt.mpdage.org पर यंत्र हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर के आवेदन 5 जुलाई 2025 से ऑनलाईन आमंत्रित किए जा रहे हैं। ये यंत्र गेहूं, धान एवं अन्य फसल की कटाई उपरांत बिना जुताई किए सीधे बोनी हेतु अत्यंत उपयोगी है। ये खेत में बची नरवाई, पराली को जमीन में सीधे मिला देते हैं जिससे किसानों को नरवाई जलाने की आवश्यकता नहीं रहेगी और पराली, नरवाई खेत में खाद का काम करेगी। यंत्रों की अनुमानित कीमत 2.20 लाख से 3 लाख रूपये है। जिस पर शासन द्वारा 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक अनुदान (अधिकतम राशि 1.05 लाख रूपये) देय है। कृषक को आवेदन करने हेतु आधार कार्ड, जमीन की खतौनी (बी-1), सहायक कृषि यंत्री मण्डला के नाम 4500 रूपये का बैंक डिमांड ड्राफ्ट जो आवेदक किसान के स्वयं के खाते से बना होना चाहिए। ट्रेक्टर (50 एचपी से अधिक) का पंजीयन प्रमाण पत्र (आरसी), एससी, एसटी वर्ग हेतु जाति प्रमाण-पत्र और कृषक के बैंक खाते की छायाप्रति आवेदन के साथ ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है।

### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाऊस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन अधीक्षक अरूण, सीके तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## गुरू पूर्णिमा पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान

# गुरूपूर्णिमा पर गुरूदेवों को नमन

*** विद्यालय प्रागंण में किया गया पौधारोपण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय मंडला की छात्रा लक्ष्मी पटेल, प्रियंका धुर्वे, जायस लकड़ा, प्राप्ति तिवारी, अनुष्का श्रीवास्तव और कशिश नंदा ने गुरु, शिष्य परंपरा और भारतीय संस्कृति पर इसके प्रभाव पर अपने विचार रखे। सेवानिवृत्त शिक्षक श्री राजेश क्षत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि उत्कृष्ट विद्यालय जिले का प्रतिष्ठित विद्यालय है, इसकी गरिमा के अनुरूप अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा प्राप्त करना भी आपका दायित्व है। विद्यालय में योग्य शिक्षकों की पदस्थापना की गई है अतः अपने शिक्षकों से अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करने की लालसा आप सभी में होनी चाहिए। प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए गुरु तत्व की विवेचना की एवं जीवन में गुरु के महत्व को समझाया। विद्यालय के शिक्षक अखिलेश उपाध्याय ने गुरु बिन कोई न ज्ञान पर चर्चा करते हुए गुरु के प्रति समर्पण भाव रखते हुए ज्ञान अर्जित करने के विषय में कहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे, सांस्कृतिक प्रभारी शिक्षकों ने पूजन अर्चन एवं आयोजन की व्यवस्था की। सभी विद्यार्थियों ने मिलकर गुरु वंदना की और अपने समस्त शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया। गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों ने गुरु शिष्य परंपरा पर निबंध लेखन में सहभागिता की। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिक्षक देवेंद्र कछवाहा, प्रवीण अग्रवाल, विपिन लखेरा, नाथू सिंह घोसी, कीर्ति शुक्ला, शालिनी साहू, रंजना पांडे कन्हैया बरमैया ने विशेष सहयोग प्रदान किया। विद्यालय का शिक्षक स्टॉफ उपस्थित रहा।

### गुरुपूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय अंजनिया जिला मंडला में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ. घनश्याम झारिया द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई और अंजनिया ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक श्री रोहिणी प्रसाद शुक्ल का श्रीफल भेंट कर स्वागत डॉ. प्रशांत यादव द्वारा किया गया। श्री शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिन केवल गुरु की महिमा का उत्सव नहीं है बल्कि वेदव्यास जी जिन्होंने महान ग्रंथों की रचना की जयंती भी है। उन्होंने कहा कि गुरु हमें मानवता एवं आध्यात्मिक ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करते हैं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के आतिथ्य में कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में श्री राजकुमार सिंगौर, डॉ. प्रशांत यादव, डॉ. गरिमा छाबड़ा, श्री संदीप चौरसिया, श्री संतोष नंदा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



### महाविद्यालय में गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

राज्य स्तरीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन के पश्चात पी.एम.कॉलेज आफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चन्द्रषेखर निखारे, जनभागीदारी अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ.व् ही.के. चौरसिया, प्रशान्त दीक्षित तथा प्राचार्य डॉ. अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक गुरूजनों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। विषिष्ट अतिथि के रूप में पधारे डॉ. व्ही.के.चौरसिया सेवानिवृत्त प्राचार्य द्वारा गुरू षिष्य परम्परा के महत्व के विष्य में विचार व्यक्त किये गये। छात्र निषांत जंघेला द्वारा गुरूओं के सम्मान में एक सुन्दर गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पष्चात रूपाली सिंगौर, उज्जवला पटेल, सविता वरकड़े, महक बैरागी, आनंद मार्को, प्रियांशु, शिवारी बैरागी आदि विद्यार्थियों के द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा गुरूओं के महत्व के विषय में सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किया गया। डॉ.एस.के.श्रीवास्तव सेवा निवृत्त प्राध्यापक वाणिज्य ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए यह कहा कि मनुष्य के जन्म लेने के साथ ही उसके पाँच गुरू होते हैं प्रथम गुरू माँ जो जन्म एवं संस्कार देती है, द्वितीय गुरू धरती माँ, तृतीय गुरू पिता, चतुर्थ गुरू शिक्षक जो मनुष्य को जीवन का मार्गदर्शन प्रदान करते हैं एवं पंचम गुरू आध्यत्मिक गुरू होता है जो मनुष्य को ईश्वर से साक्षात्कार कराने मोक्ष दिलाने का कार्य करते हैं।

## बाढ़ ग्रस्त एकलव्य आवासीय विद्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत रतनपुर चौकी में एकलव्य आवासीय विद्यालय में विगत दिनों बाढ़ के कारण स्कूल भवन एवं कार्यालय पर पानी भर जाने के कारण छात्राओं और छात्रों के अध्ययन करने में परेशानी एवं रहने के लिए पर्याप्त जगह न होने के कारण उन्हें अन्य जगहों पर स्थानांतरित करने के लिए जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश किया गया कि शीघ्र ही बच्चों को उचित शिक्षा एवं रहने के लिए उचित व्यवस्था कराई जाए ताकि रहने एवं शिक्षा मिलने पर इसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो कलेक्टर द्वारा प्रिंसिपल मनोज कुमार से भी जानकारी ली गई की और किसी प्रकार की कोई परेशानी हो तो बतलाएं उचित व्यवस्था के लिए शीघ्र ही जरूरी कदम उठाए जाएंगे ऐसा जिला कलेक्टर ने कहा ज्ञात होने की विगत दिनों मूसलाधार बारिश होने के कारण एकलव्य आवासीय विद्यालय में पानी घुसने के कारण बच्चों के सभी जरूर की समान खराब हो गए रहने के लिए सभी जरूरी सामान खराब होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कार्यालय में सभी जरूरी दस्तावेज में पानी पड़ने से खराब हो गए एवं शिक्षण सामग्री कंप्यूटर एलसीडी सभी खराब होने के कारण बच्चों के अध्ययन में परेशानी हो रही है जिला कलेक्टर द्वारा सहायक आयुक्त मंडला को एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश किया गया है कि शीघ्र ही बच्चों के रहने एवं पढ़ने की व्यवस्था की जावे जिसमें अधिकारियों द्वारा अन्य भवनों की तलाश की जा रही है जिसमें बच्चों को अध्ययन करने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो बाढ़ एवं क्षतिग्रस्त जायजा लेने के लिए निवास विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैन सिंह बरकडे भी उपस्थित रहे जिला कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर के साथ डिप्टी कमिश्नर उषा अजय सिंह जिला संयोजक श्रीमती वत्सल शिवहरे सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता सहायक संचालक रंजीत गुप्ता तहसीलदार संजीव पटले आर आई आई पटवारी विकासखंड शिक्षा राजेश विश्वकर्मा जन शिक्षा अधिकारी कमलेश द्विवेदी मंडल संयोजक आरके गुप्ता एकलव्य आवासी विद्यालय के प्रिंसिपल मनोज कुमार रतनपुर चौकी के सरपंच एवं सचिव एवं शिक्षक सुभाष साहू उमेश यादव अधीक्षक कुसुमी लाल उईके सहदेव देवी सिंह एवं एवं समस्त शिक्षक स्टाफ एवं गांव के सभी गणमन नागरिक उपस्थित रहे।



## अष्टान्हिका महापर्व गुरू पूर्णिमा सानंद संपन्न, जैन आर्यिका माँ विमलमति माता जी का चार्तुमास कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





अष्टविनायक गार्डन में गुरु पूर्णिमा के दिन ही गौतम स्वामि जी ने महावीर भगवान से दीक्षा लेकर उन्हें अपना गुरु स्वीकार किया था ये भगवान महावीर स्वामी के प्रमुख शिष्य थे। नंदीश्वर विधान के कार्यक्रम के अवसर पर 108 संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की परम शिष्या आर्यिका मां विमल मति माता जी ने चर्तुदशी के अष्टान्हिका महापर्व पर आचार्य भद्रवाहु स्वामी महा मुनिराज के संघ के बारे में बताया कि आचार्य संघ में 24 हजार महा मुनियों का संघ था। गुरु जी ने अपने निमित्त ज्ञान से जाना और कहा कि यहां उत्तर भारत में अकाल पड़ने वाला है इस कारण से आप दक्षिण भारत मे बिहार कर धर्म का प्रचार प्रसार करो। तब 12 हजार महा मुनिराज दक्षिण भारत की ओर बिहार कर गए। उनके शिष्यों ने गुरु की वाणी का अनुशरण किया । गुरु ने कहा शिष्यों को कभी गुरु की वाणी का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। दिगम्बर जैन धर्म बहुत महान है। ये तलवार की धार के समान है। अंतिम राजा के रूप में चन्द्रगुप्त जिन्होंने अंतिम दीक्षा ली चन्द्रगिरि पर्वत पर गोमटेश बाहुवलि दक्षिण भारत में और वहीं यम संल्लेखना धारण की। आचार्य समंतभद्र स्वामि ने कहा गुरुभक्ति से ही परंपरा से मुक्ति होती है। आर्यिका मां विमल मति माताजी ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी के बिना यह दूसरा चार्तुमास मंडला में हो रहा है। आचार्य भगवान हमें अकेले नहीं छोड़कर गए हमें प्रतिछाया के रूप में आचार्य समय सागर महाराज का सानिध्य दे गए। आर्यिका मां ने अपने वचनों में कहा कि गुरु से बडा कोई वरदान नहीं है, गुरु से बडा कोई महान नहीं, बस साथ मिल जाए गुरुवर का, तो उससे बड़ा और कोई सम्मान नहीं। हम भी अंतिम समय आत्मा मे लीन होकर संल्लेखना धारण करें। आज से मंगल चार्तुमास कलश स्थापना की तैयारियां प्रारंभ हुई। आर्यिका माँ ने ससंघ भक्तियों के पाठ से अपनी चार्तुमास का प्रारब्ध किया। समाज की सभी कमेटियों ने इसमें भाग लेकर आर्यिका माँ का आर्शीवाद लिया। आर्यिका माँ 105 विमल मति माता जी ससंघ के सानिध्य मे दीप प्रज्वलन आचार्य श्री चित्र अनावरण अभिषेक आरती पूजन विधान के माध्यम से गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम सानंद संपन्न हुआ। आज के इस पंचम काल में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज हम सबके गुरू हैं हम सभी उनके चरणों में शत शत नमन करते हैं।

## शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआबिछिया में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया, इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संदीप विद्यालय भोपाल में आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया जिसे उपस्थित विद्यार्थियों ने सजीव देखा, विद्यालय में उपस्थित जनों द्वारा गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला गया एवं विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के तहत उपस्थित जनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक श्री डी एल गवले, प्रभारी प्राचार्य अरुणा दीक्षित, जेपी कछवाहा, सुनीता मरावी, आरती मोदी, रवि नेवले, प्रमोद गुप्ता आसित लोध, कल्पना पांडे, मंजू श्रीवात्रि, मुकेश साहू सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती आरती मोदी एवं आभार प्रदर्शन श्री लोध द्वारा किया गया।

**निरीक्षण** | **पेसा एक्ट के क्रियान्वयन, माइक्रो बीट व्यवस्था, ई-समन प्रणाली को लेकर निर्देश।**

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना घुघरी का निरीक्षण

*** स्टाफ के सदस्यों से की अलग-अलग बात।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




दिनांक 09 जुलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा थाना घुघरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी महोदय ने थाना के विभिन्न कार्यो की समीक्षा कर थाना प्रभारी व उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से PESA एक्ट के क्रियान्वयन, माइक्रो बीट व्यवस्था, ई-समन प्रणाली एवं थाना परिसर में खड़े जब्त/लावारिस वाहनों के निराकरण की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

माइक्रो बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल देते हुए एसपी ने कहा कि बीट प्रभारी अपने क्षेत्रों में नियमित संपर्क बनाए रखें एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें व आवश्यक जानकारी का बीट पुस्तिका मे लेख करें। ई-समन प्रणाली के माध्यम से न्यायालयीन कार्यवाहियों (आनलाईन प्राप्त संमंस एवं वारंटो) का समय पर व शतप्रतिशत पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। थाना परिसर में लावारिस अथवा जब्त वाहनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर की साफ-सफाई, दस्तावेजों के रख-रखाव और आमजन के साथ व्यवहार में संवेदनशीलता बनाए रखने की भी बात कही गई। निरीक्षण के अंत में उन्होंने समस्त स्टाफ के एक-एक से बात कर माईक्रोबिट प्रणाली में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका संबंधित निर्देश दिए गये।

## नगर परिषद उपचुनाव में चित्त हुई भाजपा, कांग्रेस प्रत्याशी की जीत से लहराई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



मंडला दिनांक 07/07/2025 को संपन्न नगर परिषद वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव का परिणाम 10/07/2025 को घोषित हुआ, जिसमें कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी राजकुमारी अमर धुर्वे ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 12 मतों से पराजित कर पार्षद पद पर विजय प्राप्त की। इस जीत से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उल्लास की लहर दौड़ गई। सत्ता पक्ष के धनबल और बाहुबल को मात देते हुए कांग्रेस ने संघर्ष और रणनीति से यह सफलता हासिल की। इस ऐतिहासिक जीत में विधायक नारायण सिंह पट्टा ज एवं ज्योत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में चुनाव प्रभारी रानू राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी एवं समस्त टीम की अथक मेहनत निर्णायक साबित हुई। नारायण सिंह पट्टा विधायक बिछिया ने कहा कि नगरपरिषद भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती राजकुमारी अमर सिंह धुर्वे जी की ऐतिहासिक जीत, कांग्रेस परिवार के संघर्ष की जीत है। टीम बिछिया के एक एक साथी ने दिन रात मेहनत करके सत्ता बल बाहुबल धनबल को हराकर इस संघर्ष पूर्ण जीत को हासिल किया है। इस उपचुनाव के प्रभारी रानू राजपूत जी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी जी सहित टीम बिछिया के हर एक साथी को बधाई। प्रदीप गोस्वामी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने कहा कि मै उन सभी लोगों का जिन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से इस चुनाव में सहयोग किया उनका आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रफुल मिश्रा ने भी इस उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार किया लेकिन वह प्रचार काम न आ सका इस जीत का एक मुख्य कारण भाजपा के नेताओं के द्वारा पूर्व में नगर परिषद बिछिया में जो करोड़ों का घोटाला हुआ वह आज भी नगर परिषद के सभी वार्डो के नागरिकों के मन में घर बना चुका है। रणधीर सिंह (रानू) राजपूत, उपाध्यक्ष नगर परिषद बिछिया एवं उपचुनाव चुनाव प्रभारी बिछिया ने कहा कि इस नगर परिषद उप चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई हमारे एक एक कार्यकर्ता ने बहुत मेहनत से कार्य किया जिसका यह परिणाम है कि आज हम वार्ड क्रमांक 13 के उपचुनाव में विजय हुए।

## खबर संक्षेप

### आज से डमरू घाटी सहित शिव मंदिरों में उमडेगा भक्तों का सैलाब



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस वर्ष सावन मास की शुरूआत जिस तरह माँ संतोषी माता के प्रिय दिवस शुक्रवार के दिन से होने के चलते निश्चित भक्तों को शिवजी की आराधना में लीन होने के लिये उत्साहित करने से नही चूक रहा है। क्योंकि सावन भादों माह वैसे भी धार्मिक आयोजनों के लिये प्रमुख माना जाता है और बडा ही लाभकारी बताया जा रहा है। क्योंकि आज से अब पूरे माह शिवजी व माता पार्वती जी अपने भक्तों के पास रहते हुये उन्हें आर्शीवाद प्रदान करेगे और वह अपने भक्तों के बीच रथ पर सबार होकर विराजमान हो जावेगे । आज से शुरू हो रहे श्रवण मास के चलते जहां शिव मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ने की शुरूआत हो जावेगी। मगर सावन मास से पहला ही दिन शुक्रवार माता संतोषी का दिन होने के चलते भक्तों के लिये सुखमय संदेश लेकर आने से नही चूकेगा। इसी के चलते आज श्रवण मास के पहले दिवस व सावन मास का पहला शुक्रवार होने के चलते शिवधाम डमरूघाटी सहित नगर के विजय कालोनी, सिंचाई विभाग, नर्मदा कालोनी, नगर पालिका के पास पुराने आर ई एस कार्यालय के पास बने हुये शिव मंदिर, नालंदा स्कूल के पीछे स्थित शिव मंदिर में शिवजी की आराधना करने वालों का सैलाव उमड़ने से नही चूकेगा। वही दूसरी ओर आज अनेक जगहों पर शिव के पूजन के कार्यक्रम भी आयोजित होगे। बताया जाता है कि इस बार सावन मास की शुरूआत भी शुक्रवार के दिन से हो रहे तथा सावन मास का अंतिम दिवस शनिवार को पडेगा। शिवजी के प्रिय माने जाने वाले इस सावन माह भर जगह जगह शिव पुराण, भागवत कथा सहित अन्य प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई देखने मिलेगी तो दूसरी ओर शिव मंदिरों में लगातार पूजन के कार्यक्रम चलते हुये देखे जावेगे।

### गुरू पूर्णिमा पर रेवा तटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सद्गुरूओं की वंदना, आराधना पर्व गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बीते हुए गुरूवार को गुरू पूर्णिमा को क्षेत्र के माँ नर्मदा के पावन तटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर माँ नर्मदा और भगवान के प्रति आस्था रखने वाले शहर और क्षेत्र के गांवों के श्रद्धालुओं ने अपने गुरूओं का स्मरण करते हुए माँ नर्मदा जी के निर्मल जल राशि में स्नान करने के बाद भगवान का भजन, पूजन किया करते हुये आर्शीवाद लिया गया। वही विद्वान पंडितों से भगवान सत्य नारायण की कथा सुनी तथा दाल बाटी खाने का आनंद लिया, जानकारी के अनुसार गुरू पूर्णिमा के अवसर पर माँ नर्मदा के तटों पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम एवं भंडारों का आयोजन दिन भर चलता रहा। वही नर्मदा भक्तों का इस तरह माता रानी के प्रति जुनून देखने मिला कि आसमान पर काले बादल चमकने के बाद भी शनिवार की रात से ही पैदल नर्मदा स्नान करने जाने वाले भक्तों के शहर की सड़को के बीच से जत्था निकलते हुये देखे गये। नर्मदाजी के प्रति भक्तों की आस्था को काले बादलों के बीच बिजली की चमक भी नही रोक पाई थी।

### परेशानियों से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को अनेक संकटों से करना पड़ रहा है सामना, शासन की योजना पर सवाल ..

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** भले ही सरकार द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए लगातार विकास के बादे किये जा रहे है, मगर यदि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सच्चाई पर जाया जावे तो वह योजनाएं कागजो तक ही सीमित नजर आने से नही चूक रहे है तथा इसी के चलते शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगने से नही चूक रहा है? इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत सांईखेड़ा क्षेत्र के तहत आने वाले अनेक ग्रामों में ग्रामीणजन मूल भूत सुविधाओं से वंचित हैं, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के बाद भी ग्रामीणजन रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर हैं? क्योंकि ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिये ना तो अधिकारी पहल कर रहे हैं और ना ही जनप्रतिनिधि। इसी वजह से ग्रामीणों को शासकीय राशन दुकानों से खद्यान्न, कैरोसीन, शक्कर, पेयजल के साथ-साथ स्वास्थ्य जैसी आम सुविधाओं के लिये भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? ग्रामों को जोड़ने वाली सड़के जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं। लेकिन इनकी मरम्मत के लिये कोई कारगर कदम नहीं उठाये जा रहे हैं।

# क्षेत्रवासियों ने किया गुरूओं का वंदन, मंदिरों में हुए विविध धार्मिक कार्यक्रम, दादा की धूनी में सैकड़ो लोगों ने नारियल अर्पित कर लिया आशीर्वाद....








**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** सद्गुरू अपने चिंतन, ज्ञान, विचारों से मनुष्यों को संस्कारित कर उन्हे ऊँचा उठाते है। वही लोग अपने गुरूओं के दिए ज्ञान के बल पर उनके भक्त सुखमय जीवन व्यतीत करते हुए समाज देश की सेवा करते हैं। इसलिए कहा जाता है कि ग्ररूब्रर्म्हा गुरूर्विष्णुः गुरूदेवा महेश्वरः, गुरूः साक्षात् परब्रम्हा तस्मै श्री गुरवे नमः..। क्योंकि गुरू हमेशा वंदनीय, पूज्यनीय है और उनका आर्शीवाद लेने की देश में प्रशस्त परम्परा आदि काल से चली आ रही हैं। इसी के चलते कल गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर सहित क्षेत्र के गॉवों में गुरू महिमा की लहर दौड़ते हुये दिखाई पड़ी तो वही दूसरी ओर लोगों ने अपने गुरू को याद कर उनकी पूजन, वंदना की गई तथा गुरूओं की बंदना के स्वरों से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। वही गुरू पूर्णिमा के अवसर पर घरों में शहरवासियों ने श्रद्धा भाव से अपने गुरूओं का पूजन करते हुये आर्शीवाद लिया। वही शहर के मंदिरों में भी गुरू पूर्णिमा पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसे बड़ा ही सौभग्य कहा जा सकता है कि काफी लम्बे अंतराल के बाद गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व गुरूवार के दिन पड़ा है। जिसके चलते जहां तहां गुरूओं का वंदन होते हुये देखा गया। क्योंकि गुरू पूर्णिमा व गुरूओं के पूजन के बीच गुरूवार का दिन विशेष महत्वकारी साबित होने से नही चूका है। वही दूसरी ओर भगवान विष्णुजी के प्रिय दिवस गुरूवार को गुरूपूर्णिता के चलते भक्तों से लेकर शिष्यों ने अपने गुरूओं का पूजन बंदन करते हुये आर्शीवाद लेते हुये खाली स्थान को भरने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही दूसरी ओर गुरू पूर्णिमा पर्व के एक दिन पूर्व दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा नगर में ढोल ढमाको व शहनाईयों के साथ भगवान शिव के अवतार माने जाने वाले दादा धूनी वालों की शोभा यात्रा पालकी निकाली गयी थी, जिसने समूचे सांईखेड़ा को गुरू भक्ति के रस से ओत प्रोत कर दिया था तो दूसरी ओर कल गुरूवार यानि की गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर दादा धूनी वालों की समूची नगरी सांईखेड़ा दादा धूनी वाले मय हो गया था और सांईखेड़ा में दादा धूनी वालों के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था, जिसको लेकर बताया जाता है कि इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों द्वारा नगर में होने वाले इस आयोजन की व्यवस्थाएं बनाने के लिए मौजूद रहते हुए अपनी निगरानी रखी गई। गुरू पूर्णिमा के चलते क्षेत्र ही नही बल्कि दूर दूर से पधारे हुए दादा धूनी वालों के भक्तों ने दादा धाम पहुंचकर उनके दर्शन व पूजन अर्चन किया गया। इस प्रकार से गुरू पूर्णिमा के मौके पर दादा धूनी वालो के दरबार में और दादा जी के नए मंदिर में हजारो भक्तो ने पहुंच दादा जी की पूजा, अर्चना कर उन्हे भाजी, टिक्कड़ का भोग अर्पित किया। वही बताया जाता है कि दादा धाम में सदा जलने वाली धूनी की एक झलक देखने के लिये भक्त आतुर दिखाई पड़े जिसके चलते दादा जी की धूनी में हजारों लोगों ने नारियल अर्पित करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया। वही नगर के अनेक धार्मिक मंडलों व दादा भक्तों द्वारा भी विशाल शोभायात्रा निकालते हुए दादा धाम पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया तो दूसरी ओर देखा गया कि दादा दरबार में जहां प्रसादी के रूप में दिन भर टिक्कड व भाजी का वितरण होता रहा। वही दूसरी ओर अन्य लोगों द्वारा अनेक प्रकार की प्रसादी भी बांटी गई तथा अन्य भक्तों द्वारा दादा मंदिर में दिन भर भंडारे का आयोजन किया जिसकी प्रसादी हजारों लोगों ने ग्रहण की गई। वही भक्तों द्वारा अनेक प्रकार की प्रसादी का विरतण किया गया। इस तरह लम्बे अंतराल के उपरांत गुरूवार के दिन पड़ी हुई गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर दादा के दर्शन करने वाले लोगों के लिए प्रशासन द्वारा सराहनीय व्यवास्थाएं बनाई गई जिसके चलते लोगों ने लाईनों में लगकर दादा धूनी वालों के दर्शन किये। इस प्रकार से गुरू पूर्णिमा के अवसर पर देखा जाता है कि दादा के भक्त दूर दूर क्षेत्रों से पैदल चलते हुए प्रतिवर्ष दादा धाम पहुंचते है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी देखा गया कि दूर दूर से आये हुए दादा भक्तों का एक दिन पहले से ही आगमन होना शुरू हो गया था, जिसके चलते नगर के लोगों द्वारा बाहर से आने वाले भक्तों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। वही दूसरी ओर गुरू पूर्णिमाा के अवसर पर दादा धाम में उमड़ने वाले जन सैलाब की व्यवस्थाएं बनाने के लिए सांईखेड़ा सहित आस पास के थानों का भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, जिसके चलते किसी भी व्यक्ति को दादा के दर्शन करने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़ा। इसी दौरान देखा गया कि अखंड रूप से जलने वाली दादाजी की धूनी ने अचानक इस प्रकार से मनमोहक रूप धारण कर लिया गया था जिसके लोगों से दर्शन करते हुये अपने आपको धन्य समझा और दादा जी का आर्शीवाद क्षेत्रवासियों पर सदा रहने की बात कही जा रही है? प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दादाधाम में भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ना शुरू हो गया था जो दोपहर तीन बजे तक लगातार भीड़ देखने मिली तो इसी प्रकार से गुरू पूर्णिमा के चलते क्षेत्र के नर्मदा घाटों पर भी भक्तों की दिन भर भीड़ लगी हुई देखी गई जहां पर हजारों लोगों ने माँ नर्मदा के तट पर पहुंचकर पूजन अर्चन करते हुये माँ नर्मदा जी के निर्मल नीर में आस्थ की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन किया गया तो अनेक जगहों पर कन्या भोज व भंडारे के आयोजन होते हुये भी देखे गये। क्योंकि बीते हुये एक सप्ताह से लगतार हो रही बारिश के बीच गुरू पूर्णिमा के दिन बारिश के ब्रेक लगा होने के चलते जहां मौसम खुशनुमा देखने मिला। इस सच्चाई को देखते हुये ऐसा प्रतीत होने से नही चूक रहा था कि मानों इन्द्रदेव भी अपने गुरू की आराधना में लीन होकर अपने भक्तों को गुरूओं की आराधना करने का अवसर प्रदान करने के लिये बारिश पर ब्रेक लगा दिया गया है...।



## ओशो सन्यासियों ने आनंद के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर का नाम दुनिया में रोशन करने वाले विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु एवं दार्शनिक ओशो की क्रीड़ा स्थली ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में आयोजित किया गया । इस दौरान गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ओशो सन्यासियों द्वारा आश्रम में विभिन्न ध्यान विधियों को आत्मसात किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रातः काल सुबह 6 से 7 तक सक्रिय ध्यान भजन कीर्तन के साथ दिन भर ध्यान की गतिविधियां चलती रही। वही शाम 4 बजे से 5 बजे तक तथा कुंडलनी शाम 6 से 8 बजे तक वाइट रोव, ब्रदर हुड सत्संग, ओशो प्रवचन के साथ भजन कीर्तन में मस्त होकर ओशो सन्यासियों ने आनंदमय गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। बताया जाता है कि इस अवसर पर नव सन्यासियों ने ओशो की दीक्षा ली तथा ओशो लीला आश्रम मे आयोजित शिविर में क्षेत्र के आलवा बाहर से आये हुये सन्यासियों ने भी शामिल होकर आर्शीवाद ग्रहण किया। इस संबंध में मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस द्वारा अपनी जानकारी में बताया कि गुरु पूर्णिमा पर दिनभर ओशो की ध्यान गतिविधियों सहित संध्याकाल व्हाइट रोप ब्रदरहुड सत्संग अपने सदगुरु ओशो की उपस्थिति के एहसास के साथ विशेष रूप से किया गया जिसका आनंद रसपान ओशो सन्यासियों द्वारा अहो भाव से लिया गया। वही ओशो लीला आश्रम के व्हाइट रोप ब्रदरहुड सत्संग के संदर्भ मे बताया सदगुरु ओशो ने अपने जीवंत अवस्था में अपने संन्यासियों को कहा था कि मेरे विदा हो जाने के बाद भी मैं संध्या काल के वाइट रोप ब्रदरहुड सत्संग के समय आप लोगों के मध्य मेरी उपस्थिति विशेष रूप से बनी रहेगी1 ओशो लीला आश्रम में संध्याकाल विशेष रूप से सत्संग भजन कीर्तन नृत्य आनंद ओशो प्रवचन माला श्रवण कर अपने सद्गुरु ओशो की उपस्थिति का एहसास कर स्मरण किया गया।

## एक माह पहले करेन्ट लगने से चार मजूदरों की मौत के आरोप में श्री पैलेस के संचालक प्रकाश काबरा के खिलाफ दर्ज हुआ मामला


**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

धनवान लोगों द्वारा जिस तरह अपने संस्थानों में मजदूरों से बगैर किसी सुरक्षा प्रबंधो की व्यवस्था करते हुये जोखिम भरा काम लिया जाता है उसके चलते उनके प्राण संकट में पड़ने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई आज से लगभग एक माह पहले यानि की 13 जून को नगर के जमाड़ा रोड़ स्थित श्री पैलेस मैरिज गार्डन में उस समय देखने मिली थी जब काम करते वक्त हाई पावर लाईन का बिजली करेन्ट लगने के चलते चार मजूदरों की मौत होने के कारण संपूर्ण नगर में शोक का महौल निर्मित होने से नही चूका था और दिल दहलाने वाली इस घटना की सच्चाई सुनते लोगों में आक्रोश पैदा होते हुये देखा जा रहा था। वही दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती व्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम व अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की गई थी। इस तरह घटित हुई घटना को लेकर पुलिस द्वारा श्री पैलेस मैरिज गार्डन के संचालक प्रकाश काबरा के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। पुलिस द्वारा दर्ज किये गये मामले को लेकर बताया जाता है कि शिकायत कर्ता व मौके पर मौजूद रहे आशाराम जाटव पिता बद्रीप्रसाद जाटव निवासी खैरीटोला ने पुलिस को जांच में सच्चाई से अवगत कराते हुये बताया कि 12 जून को शाम काम खत्म होने पर प्रकाश काबरा ने हम सभी मजदूरो को अगले दिन काम के लिए शादी भवन की लोहे की सीड़ी स्वागत गेट में ले जाने के लिए कहा था। जिसके चलते दूसरे दिन यानि की 13 जून सुबह 10.30 बजे के लगभग प्रकाश काबरा के बताये अनुसार काम करने के लिए अपने साथी मजदूर पूरनलाल जाटव, पियूष नायक राजू साहू ,आशीष कौरव, संतोष पाल के साथ शादी भवन की लोहे की सीड़ी धकाकर गेट के बाहर ले जा रहे थें। इस दौरान गेट के उपर बिजली कि हाईटेंशन लाइन गई है। जिससे सीड़ी टकराने से हम सभी मजदूरो को जोरदार बिजली का करेंट लगा जिसमें आसाराम तथा आशीष संतोष दूर गिर पड़े। वही पियूष पिता गोलू मेखलाल उम्र 21 साल निवासी इंदौर हाल निवास श्री पैलेस भवन, राजू उर्फ राजकुमार पिता सुदामा साहू उत्र 45 साल निवासी निवासी पलोटन गंज, पूरन लाल पिता डालचंद जाटव उम्र 30 साल निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड गाडरवारा करेंट की चपेट में आने के चलते मौके पर ही मृत हो गये थें। वही आशीष पिता चंद्रकांत कौरव उम्र 24 साल निवासी ग्राम चांदनखेड1ा, संतोष पिता नारायण पाली उम्र 30 साल निवासी रेल्वे स्टेशन के पास गाडरवारा को गंभीर अवस्था में उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया था जहां पर दोनों की स्थिति गंभीर होने के चलते जिला चिकित्सालय के लिये रेफर किया गया था। इसके बाद संतोष पाली के परिजन उपचार हेतु भोपाल ले गये थें जहां पर एक हप्ता तक इलाज चलने के बाद उसकी भी मौत हो गई थी। इस तरह नगर में घटित हुई दिल दहलाने वाली घटना में चार मजूदरों की मौत होने के चलते पुलिस द्वारा मजदूरों के शवों का परीक्षण कराने के बाद मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया था। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मौके पर मौजूद गवाहों सहित अन्य मजदूरों के लिये गये कथनों दर्ज किये गये। जिसके चलते मर्ग जांच के दौरान आये साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने श्री पैलेस के संचालक प्रकाश काबरा निवासी गाडरवाडा खिलाफ धारा 125 ए , 106(1) के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस तरह मामले को लेकर पुलिस द्वारा एक माह की जांच के उपरांत घटना में आरोपी प्रकाश काबरा के खिलाफ मामला कायम किया गया है।

## तीसरे दिन भी झिकोली पुल के ऊपर रहा नर्मदाजी की बाढ़ का पानी, वाहनों की लगी लम्बी कतार




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

गुरूवार के दिन गुरू पूर्णिमा होने के चलते जहां लोगों में उत्साह देखने मिल रहा था। मगर बीते हुये दिनों हुई घनघोर बारिश के चलते व नर्मदाजी के बर्गीडेम के गेट खुले होने के चलते समीपस्थ झिकोली नर्मदाजी के घाट पर बने हुये पुल के ऊपर पानी रहने के चलते भक्त दादा धाम नही पहुंच पाये। क्योंकि फिलहाल बारिश का क्रम तो थम चुका है। मगर पुल के ऊपर पानी रहने के चलते इस मार्ग से निकलने वाले लम्बी दूरी के वाहनों की झिकोली के पास लम्बी लाईनें लगी हुई देखी जा रही है जिसके चलते यातायात प्रभावित होने से नही चूक रहा है। क्योंकि प्रदेश स्तरीय मार्ग होने के चलते प्रतिदिन यहां से लम्बी दूरी के सैकड़ो वाहनों का निकलना होता है। मगर नर्मदाजी के पुल के ऊपर से लगातार तीसरे दिन भी पानी रहने के कारण जहां यह वाहन नर्मदा उस पार नही हो पा रहे है। इसी के चलते झिकोली के पास सड़क के किनारे खड़ रहने के चलते स्थानीय लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है।

## मजदूरों की हड़ताल में किसान सभा ने अपना समर्थन देते हुये किया प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा हड़ताल का समर्थन करते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा तहसील इकाई ने नगर के पलोटनगंज में एक दिवसीय धरना देने के साथ रैली निकालते हुये अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती व्यारे को देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान किसान सभा के वरिष्ठ नेता एन,एस पटेल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि केन्द्र सरकार लगातार किसान मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही है। आमजन को बर्बादी की ओर धकेल रही है। सरकार लगातार कॉरपोरेट पूंजी पतियों के पक्ष में नीतियां बना रही है और सरकारी उपक्रमों को कोडियो के भाव बेचकर निजीकरण कर रही है। जिससे मजदूरों का शोषण और वह परेशान होते चले जा रहे है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो श्रम संहिता में संशोधन कर चार लेबर कोर्ट बना दिए गए हैं जिससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। वह 12 घंटे से 15 घंटे तक मजदूरों से निजी कंपनियां काम लेगी और जब चाहे तब नौकरी से निकाल सकती हैं। इस तरह निजी कंपनियों में एवं सरकारी कंपनियों में ठेका प्रथा लागू है । इस बात की सच्चाई हमारे गाडरवारा क्षेत्र में एनटीपीसी का निर्माण हुआ है तभी से अभी तक ठेका प्रथा चल रही है ठेका प्रथा के माध्यम से मजदूरों से 14 से 15 घंटे काम लिए जा रहे हैं। हमारे मजदूरों ने कई कुर्बानी देकर 34 श्रम संस्थाओं का निर्माण किया था जिन्हें खत्म कर चार संहिता कोड बिल बना रहे हैं। इस हड़ताल में मध्य प्रदेश किसान सभा मांग करती है कि चार लेबर कोर्ट को रद्द करने के साथ ठेका प्रथा बंद किया जावे। इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव करण सिंह अहिरवार, उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, नरेंद्र वर्मा, वरिष्ठ साथी एन एस पटेल, राजेंद्र राजपूत, नरेश श्रीवास्तव, भुवन जाटव, यदुराज वर्मा, नन्हेंलाल वर्मा, राम सिंह वर्मा, भैरो सिंह विश्वकर्मा, कालूराम वर्मा, विश्राम वर्मा, कोषाध्यक्ष लाल साहब वर्मा, दारा सिंह मेहरा सहित अन्य किसान मौजूद थें।

## विकास की बाट जोहते हुए क्षेत्र के अनेक गांवों में बारिश के दौरान पहुंचना हो जाता है मुश्किल

**हरिभूमि न्यूज/ सिंहपुर छोटा।**

भले ही केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च करते हुए देश से लेकर प्रदेश व शहरों से लेकर गांवों का विकास कराने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है और आये दिन नेताओं को भी क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने की बात कहते हुए सुना जाता है, मगर इसके बाद जब विकास की सच्चाई पर गौर किया जाता है तो संपूर्ण सच्चाई अपने आप ही उजागर होने से नही चूक पाती है, जब ग्रामीणों को कीचड़ के बीच से गुजरकर अपने घरों को जाने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों की देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि चीचली से चंद कदम दूरी पर स्थित इस प्रकार को पहुंचने के लिए आज भी पक्की सड़क का आभाव होने के कारण जरा सी बारिश के चलते लोगों



को अपने गांवों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि क्षेत्र के अनेक गांवों के मार्ग की इस समय जिस प्रकार की स्थिति देखी जा रही है कि उस पर वाहन चलना तो दूर की बात पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। इस प्रकार से इन मार्गो पर मची हुई कीचड़ क्षेत्र के विकास की सच्चाई का आईना बताने से नही चूक रही है? वही दूसरी ओर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां सरकार द्वारा आम लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें किसी भी विषम परिस्थिति में मरीजो के लिए गांव से लाने के लिए शासन की 108 सेवा वही सुरक्षा के लिए पुलिस की 100 सेवा जो जरूरत पड़ने में 10 मिनिट के अंदर गांव पहुंचने की बात कही जाती है अब इस प्रकार से कीचड़ युक्त मार्गो के माध्यम से क्या ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही इन सेवाओं का लाभ मिल पायेगा? इतना ही नही अनेकोबार देखा जाता है कि जब इस प्रकार के गांवों में कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ जाता है तो उसे शहर तक लाना भी मुश्किल हो जाता है? क्या इसी को विकास कहते है? इस प्रकार की सच्चाई सिर्फ इसी गांव की नही बल्कि क्षेत्र के अन्य गांवों में भी आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर जरा सी बारिश होने के बाद लोगों को अपने गांवों तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है।

# सीवर लाइन की समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने की चर्चा

**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** मुख्य सचिवए मध्य प्रदेश शासन अनुराग जैन के निर्देशन में नगरीय क्षेत्रों में सीवर लाइन की समस्या से जूझ रहे नागरिकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक अधिवक्ता सम्यक जैन के दफ्तर में आयोजित की गई।





इस बैठक में भोपाल और दिल्ली से पधारे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और समस्या के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए ठोस कदम उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में सीवर लाइनों के जाम होनेए ओवरफ्लोए अनुचित पाइप और जलभराव जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गईए जो स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवर लाइनों की सफाईए मरम्मत और आवश्यक उन्नयन का कार्य तत्काल शुरू किया जाए। इसके अतिरिक्तए निर्माण कार्यों के दौरान होने वाली अव्यवस्थाए जैसे सड़कों की खुदाई और जल आपूर्ति में व्यवधानए को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में नगरीय क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रण 01 से 15 तक वार्डवार प्राथमिकता के आधार पर कार्य योजना तैयार कर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गयाए जिससे आम नागरिकों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीवर लाइन की समस्या के स्थायी समाधान के लिए समयबद्ध ढंग से कार्यवाही की जाए और इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए।

**ये रहे उपस्थित**

बैठकमेंनगरीयप्रशासन एवं विकास विभागए भोपाल से डॉण उदय रोमनए प्रोजेक्ट डायरेक्टर अभय जैनए रसायन एवं उर्वरक मंत्रालयए भारत सरकार से प्रेम सिंहए तुषार विनायक चौधरीए उपयंत्री सोमेश तथा ठेका कंपनी के मालिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### धान उपार्जन की मात्रा बढ़ाएं सरकार'

**अमरपुर।** केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों के हित में बहुत बात करते हैं। परंतु किसान की लागत मेहनत और आधुनिकता से उत्पादन तो बढ़ा हैं। फिर भी सरकार अभी भी एक हेक्टेयर में 22ण्50 किवंटल धान ही खरीद रही हैं। जबकि जानकारी अनुसार पड़ोसी जिला मंडला में प्रति हेक्टेयर 40ण्00 किवंटल धान खरीदी जा रही हैं। तो डिंडौरी जिले के किसानों से इतनी कम मात्रा में उपार्जन से किसान अपने उत्पादित फसल को कम कीमत में बेचने की मजबूरी बन जाती हैं। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति सहना पड़ रहा हैं। डिंडौरी जिले के किसान भी चाहते हैं कि उनका पंजियन प्रति हेक्टेयर 40ण्00 किवंटल धान उपार्जन किया जाना डिंडौरी जिले के किसानों के हित में होगा। जिससे उन्हें अपने उत्पाद की धान बिचौलियों को कम दाम में ना बेचना पड़े। और जब पड़ोसी जिले में उपार्जन मात्रा 40ण्00 किवंटल प्रति हेक्टेयर हैं तो डिंडौरी जिले में क्यों नहींघ अमरपुर क्षेत्र के किसानों की मांग हैं कि आगामी धान उपार्जन पंजियन में मात्रा बढ़ा कर ही पंजियन किया जावे। जिससे पर्याप्त मात्रा में अपनी फसल बेच सकें।

### 'शिव मंदिर निघोरी भानपुर में साधु संतों का भव्य सम्मान समारोह सम्पन्न

**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत शिव मंदिर निघोरी भानपुर में भव्य साधु.संत एवं पूज्य गुरुओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में शिव मंदिर में विराजमान भगवान शंकर की विधि विधान से पूजा.अर्चना की गई। इसके पश्चात साधु.संतों एवं पूज्य गुरुजनों का चरण धोकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीफल व शाल अर्पित कर विधिवत रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने धर्मए संस्कृति और पूज्य संतों और सनातन के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे समाज में साधु.संतों एव सनातन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैंए जो धर्म की धारा को अक्षुण्ण बनाए रखने में निरंतर समर्पित रहते हैं पूज्य संतजन समाज के मार्गदर्शक हैं। जो हमें सत्यए सेवा और संस्कार एव सनातन की ओर प्रेरित करते हैं।

# राजूषा हायर सेकेंडरी स्कूल ने मनाया 25वां स्थापना दिवस और गुरू पूर्णिमा पर्व





**डिण्डौरी।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था राजूषा हायर सेकेंडरी स्कूल ने गुरुवार को अपने 25वें स्थापना दिवस सिल्वर जुबली एवं गुरूपूर्णिमा पर्व को उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट श्री सम्यक जैन हाई कोर्ट एवं पत्रकार श्री अंकित चौरसिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना और पूजन से हुई। इस विशेष अवसर पर विद्यालय द्वारा विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी प्रथम हर्षिका द्वितीय ऋभ तृतीय आस्था दुबे एलकेजी प्रथम कृषा सिंह द्वितीय काव्या तृतीय वसुधंरा केजी प्रथम आरव द्वितीय राधिका तृतीय वैष्णवी कक्षा 1 प्रथम आरुषि पटेलए द्वितीय परिधि झारिया तृतीय दीपाशु सरोते कक्षा 2 प्रथम चैतन्य श्याम द्वितीय दृ पूर्वी चंदेलए तृतीय रेवांश गुड हैंडराइटिंग प्रतियोगिता ;कक्षा 3 से 6 तक में प्रथम दृ धनंजय तेकाम द्वितीय पवन मारूवा तृतीय रिदिमा ठाकुर निबंध लेखन प्रतियोगिता ;कक्षा 7 से 10 तकए विषय कक्षा 10वीं के बाद मेरा प्रिय विषय में प्रथम सिद्धी झारिया द्वितीय मधु परते तृतीय द नव्या चौरसिया पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कक्षा 11 और 12 के लिए में प्रथम प्रशांत बनवासी द्वितीय दृ आस्था नंदा तृतीय शशिलता मरावी प्राचार्य डॉ राजबहादुर सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की स्थापना की पृष्ठभूमि और इसके उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि श्हमारा उद्देश्य डिण्डौरी नगर के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राकृतिक और शांत वातावरण में प्रदान करना रहा हैए जिसे हम अभिभावकों और नगरवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक निभा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी गईं और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। गुरूपूर्णिमा के अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरू की महिमा को रेखांकित करते हुए बताया गया कि गुरु वह दीप है जो अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है।

# मॉडल हाई स्कूल करंजिया में हर्षोल्लास से मनाई गई गुरु पूर्णिमा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में झलकी विद्यार्थियों की प्रतिभा

**करंजिया।** मॉडल हाई स्कूल करंजिया में गुरुपूर्णिमा का पावन पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को भव्य रूप से सजाया गया और विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर भागीदारी करते हुए मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा.अर्चना की।

कार्यक्रम की अगुवाई विद्यालय के प्राचार्य श्री केशव तिवारी के नेतृत्व में की गईए जिसमें समस्त शैक्षणिक स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गएए जिसमें भजनए कविता पाठए नृत्य और शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करती भावनात्मक प्रस्तुतियां शामिल थीं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी आरण्एसण सिंग्रामए जनपद पंचायत करंजिया की उपाध्यक्ष श्रीमती गीता पट्टाए जनपद सदस्य श्री दिलीप चौबे भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष श्री राजकुमार मोगरे श्री भूपेंद्र जी एसण्केण पाठक सरए तथा बीजेपी पूर्व मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र टेकाम उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने गुरुओं की महत्ता पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी व समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान पुष्पगुच्छ और शॉल श्रीफल भेंट कर किया गया। विद्यालय परिवार और छात्र.छात्राओं की सहभागिता से यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक और सफल रहा।



# एक पेड़ माँ के नाम अभियान हेतु बैठक आयोजित 15 जुलाई से शारदा टेकरी से होगा पौधारोपण कार्य



**हरिभूमि न्यूज, डिण्डोरी।** एक पेड़ माँ के नामश अभियान हेतु बैठक आयोजित 15 जुलाई से शारदा टेकरी से होगा पौधारोपण कार्य शुरू कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में गुरूवार को वन मंडल अधिकारी श्री पुनीत सोनकरए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनिल कुमारए की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। एक पेड़ माँ के नामश अभियान का शुभारंभ 15 जुलाई को शारदा टेकरी से पौधारोपण कार्य शुरू होगा जिसमें न्यायलयए वन विभागए जिला प्रशासनए शिक्षा विभागए पुलिस विभागए महिला एवं बाल विकास विभागए नगर परिषदए जन अभियान परिषदए उद्योग विभागए ग्रामीण विकास विभाग एवं समस्त अन्य विभाग की भागीदारी होगी। पर्यावरण संरक्षण तथा मातृत्व के सम्मान में चलाए जा रहे श्एक पेड़ माँ के नामश अभियान के अंतर्गत आज 10 जुलाई को जिला पंचायत सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें जिले के सर्व विभाग प्रमुखए जनपद सीईओए सहायक यंत्रीए यंत्रीए सचिवए रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि इस अभियान के तहत जिले में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाएगाए जिसकी शुरुआत 15 जुलाई को शारदा टेकरी डिंडौरी से की जाएगी। अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा.भरा बनाना हैए बल्कि माँ के प्रति सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव को भी एक सकारात्मक रूप देना है।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि जिले के समस्त ग्राम पंचायतोंए शासकीय कार्यालय परिसरोंए स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके लिए वन विभागए उद्यानकी विभाग के द्वारा संचालित नर्सरी से पौधो की व्यवस्था की जाएगी। पेड.पौधे ऐसी जगह पर लगायें जाएंगे जहा पर जमीन में हमेश नमी रहने की संभावना होए जहां पर संबंधित विभाग के द्वारा गड्ढों की खुदाईए और देखरेख की जिम्मेदारियाँ होगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियोंए पंचायत प्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों को पौधारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान यह भी अपील की गई कि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में भाग लें और श्एक पेड़ अपनी माँ के नामश लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। अभियान को सफल बनाने हेतु स्कूली बच्चोंए महिलाओं एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग को जिले के 1925 आंगनवाडी केन्द्रों में 10.10 फलदार पौधे लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर पालिका डिंडौरीए शहपुरा को भी शासकीय कार्यालय परिसरोंए नगर के उचित स्थानों पर पेड.पौधे लगाने के निर्देश दिये गये। सभी विभागो को तीन दिवस के अंदर विभाग द्वारा लगाये जा रहे पौधों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करना होगी। सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने समस्त सीईओ जनपदए यंत्रीए सहायक यंत्रीए जनअभियान परिषद् विभाग को विशेष अभियान के साथ जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगो के साथ मिलकर पेड.पौधे लगाने का अभियान सफलतापूर्वक चलाये जाने को कहा। श्एक पेड़ माँ के नामश अभियान भावनात्मक जुड़ाव और पर्यावरणीय चेतना का अद्भुत संगम बनकर जनभागीदारी के साथ जिले में एक नई पहल को जन्म देगा। बैठक में वनमंडल अधिकारी पुनीत सोनकरए जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमारए एलडीएम कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दीपसिंह आर्मोए जिला व्यापार उद्योग अधिकारी श्रीमती राधिका कुसरो ए सीएमओ नगरपालिका अमित तिवारीए महिला एंव बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौरए परियोजना अधिकारी प्रदीप शुक्लाए जिला समन्वय सुश्री संगीता सोनीए जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय अमरपुर में गुरु पूर्णिमा पर्व पर कार्यक्रम आयोजित



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्य प्रदेश उच्चशिक्षा विभाग भोपाल के आदेशानुसार और महाविद्यालय प्राचार्य के मार्गदर्शन में 10 जुलाई को महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ष्गुरु पर्वष पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉण मोहन यादव के मुख्य आथित्य में आयोजित लैपटॉप के माध्यम से लाइव प्रसारण कर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की पूजा.अर्चना कर पुष्प अर्पित किया गया। साथ ही मुख्य अतिथियों का शाल और श्रीफल भेंट कर भारतीय परंपरा के अनुसार स्वागत अभिनन्दन किया। जिसमें मुख्य अतिथि गुरु चंद्र बहादुर धुर्वे एवं साहब लाल पुषाम द्वारा शुभ आशीर्वचन प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ गुरु . शिष्य की आदर्शों को दृष्टिगत रखते हुए आधुनिक समयानुसार शिक्षण कौशल में हमेशा आगे रह कर लक्ष्य प्राप्त करने की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के द्वारा विद्यार्थियों को प्रथम गुरु अपनी माता द्वितीय पिता एवं तृतीय गुरु को संसार के मार्गदर्शक व राष्ट्र निर्माण के पथ प्रदर्शक की महत्व को बताते हुए पारिवारिकए सामाजिक और महाविद्यालय की पाठ शाला से बहुत कुछ प्राप्त किया जा सकता हैं। इसके साथ ही डॉण सुनील काकोड़िया ने अपने वक्तत्व में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति के हर एक पर्यावरणीय परिवेश भौतिक संरचनाओंए पेड़ . पौधे एवं प्राणियों से ज्ञान प्राप्त करने की जिज्ञासा रखता हैं और प्रकृति समय के साथ व्यक्ति अपने आप को अभ्यस्त करते हुए शिक्षा प्राप्त करता हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ डॉण सीमा डावरए सुश्री हुस्नआरा अंसारीए डॉण पुष्पेंद्र तिवारीए प्रदीप कुमार कहारए कैलाश प्रसाद लखेराए डॉण सौरभ सामंतए जयदीप दुबेए डॉण प्रियंका दहियाए समीर धुर्वेए ओमकार वाटियाए सहज सिंह मरावीए कमलेश वास्पे सहित महाविद्यालय के छात्रध्छात्राओं द्वारा गुरु पर्व से संबंधित प्रश्न मंचन व निबंध प्रतियोगिता और छात्र भूपत धारवैया के माध्यम से गीत प्रस्तुत किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन हेमेश्वर विश्वकर्मा के द्वारा किया गया।

# विद्यार्थियों को बताया गया गुरु पूर्णिमा का महत्व

**अमरपुर।** जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर अतंर्गत सीएम राइज स्कूल में 10 जुलाई को स्कूल शिक्षा विभाग से निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा के मौके पर उत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य प्रदीप सुरीनए मुख्य अतिथि जी एस ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र ठाकुर मौजूद रहे। सर्वप्रथम सभी उपस्थित अतिथियोंए शिक्षकए शिक्षकांए द्वारा वीणा वादनी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ गुरु वंदना किया गया। इसके बाद गुरु पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरु.शिष्य संस्कृति के बारे मेंए प्राचीन काल में प्रचलित गुरु कुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिताए गीतए भाषणए सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष व संस्था प्राचार्य प्रदीप सुरीन ने गुरू पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि यह पर्व महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में मनाया जाता हैंए जिन्होंने वेदों का संकलन एवं महाभारत की रचना की। गुरु का कार्य केवल पाठ पढ़ना नहींए बल्कि व्यक्तित्व का निर्माण करना भी हैं। वहीं पर विशिष्ट अतिथि महेंद्र ठाकुर ने कहा गुरु हमारे जीवन में मार्गदर्शन करने वाले दीपक के समान होते हैंए जो अज्ञानता रूपी अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। साथ ही मुख्य अतिथि जी एस ठाकुर ने गुरू पूर्णिमा का




महत्व बताते हुए कहा इस दिन महर्षि वेदव्यास के जन्म को भी स्मरण किया जाता हैं। गुरु हमें जीवन की हर मोड़ पर सही निर्णय लेने की समझ देते हैं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना सिखाते हैं। इस अवसर पर देवेन्द्र चौहानए जी एस

गौतमए शिव कुमारी धूमकेतीए उमादेवी बर्मनए अशोक ठाकुरए हेमंत कुमार मरावीए विजय मरावीए भगवान दास जंघेला सहित छात्रए छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक अमित कुंजाम द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने किया निशुल्क साईकिलों का वितरण



**नरसिंहपुर।** गत दिवस गोटेगांव विकासखंड स्तरीय शासकीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरवारी में विधायक महेन्द्र नागेश द्वारा विद्यार्थियों को निशुल्क साईकिलों का वितरण किया। साथ ही गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरूजनों का सम्मान किया और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सिद्धांत वांगड़े, अरविंद पटेल, शक्ति सिंह राजपूत, भगवान सिंह पटेल, ओमप्रकाश सिंह पटेल, बड्डू पाटकर, दुर्गाप्रसाद दुबे एवं अन्य जनप्रतिनिधि, श्रीमती साधना ताम्रकार, श्रीमती किरणबाला प्रजापति, प्राचार्य प्रीतिराज वर्मा, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### स्व. कर्नल मुशरान को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**नरसिंहपुर।** गुरुवार को जिले के राजनेता एवं म.प्र. शासन के पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की पुण्यतिथि के अवसर पर एम. आई. एम. टी. कॉलेज द्वारा मुक्तिधाम स्थित समाधि स्थल पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित गणमान्य जनों एवं स्टाफ मेंबर्स द्वारा स्व. कर्नल मुशरान को पुष्पांजलि तथा एन.सी.सी. कम्पनी द्वारा सलामी दी गयी। इसके उपरान्त मौन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्रातः 11 बजे स्थानीय शासकीय जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया गया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में पं. मैथिलीशरण तिवारी, जमना प्रसाद लोड़िया करेली, इंजी. रुद्रेश तिवारी, डॉ. अशोक कुमार गर्ग, जी. डी. ऊमरे, एन.सी.सी. अधिकारी ले. जितेन्द्र कुमार मिश्रा, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी द्वय चंद्रप्रकाश गुप्ता एवं श्रीमती आराधना दुबे, सहा. प्राध्यापक हेमराज सेन, मो. आशिक अली, कृष्णकांत जाटव, विवेक जोशी सहित समस्त स्टाफ मेंबर्स, एन.सी.सी कैडेट्स रासेयो स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्रों ने उनका पुण्य स्मरण किया।

### जिले में अब तक 523.2 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले में एक जून से 10 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 523.2 मिमी अर्थात 20.60 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 10 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 33.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 17 मिमी, गाडरवारा में 40 मिमी, गोटेगांव में 54 मिमी, करेली में 18 मिमी और तेंदूखेड़ा में 37 मिमी वर्षा आंकी गई है। 10 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 523 मिमी, गाडरवारा में 624, गोटेगांव में 477 मिमी, करेली में 494 मिमी और तेंदूखेड़ा में 498 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 166 मिमी अर्थात 6.56 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 126 मिमी, गाडरवारा में 218 मिमी, गोटेगांव में 221 मिमी, करेली में 94 और तेन्दूखेड़ा में 174 मिमी वर्षा हुई थी।

### पानी डूबने से बालक की मौत

**नरसिंहपुर।** बाढ़ में डूब जाने से बालक की मौत हो गई। ज्ञात हो कि बीते दिवस जिला मुख्यालय स्थित सींगरी नदी में बाढ़ के दौरान नदी देखने गये तीन बालक डूब गए थे जिनमें दो बालकों के शव पुलिस ने कल ढूंढ लिया गया था वही तीसरे बच्चे को शव गुरूवार को झाडियों मे फसा हुआ मिला पुलिस ने आर्यन पिता मनोज प्रजापति उम्र 12 वर्ष निवासी विपतपुरा थाना स्टेशनगंज मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### बीएलओ क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण सत्र होंगे आयोजित

**नरसिंहपुर।** निर्वाचक नामावली त्रुटिरहित बनाये जाने के लिए बीएलओ क्षमता विकास के लिए सभी लेबल ऑफिसर्स का प्रशिक्षण विधानसभावार 50- 50 बीएलओ का सत्र आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में बीएलओ विधिक प्रावधानों, निर्वाचक नामावली तैयार करने संबंधी प्रक्रिया, घर- घर जाकर सर्वे कर निर्वाचक नामावली की जानकारी का सत्यापन करना, मृतढ स्थानांतरितढ दोहरी प्रविष्टि की जानकारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, बूथ लेवल एजेंट से समन्वय, फार्मो, बीएलओ एप आदि के संबंध में बारीकियों से भलीभांति अवगत हो सकें।

## गुरु पूर्णिमा पर हुए विविध आयोजन धर्मगुरुओं द्वारा चातुर्मास व्रत अनुष्ठान प्रारंभ

# गुरुओं की हुई पूजा- अर्चना, लिया आशीर्वाद











हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सम्पूर्ण जिले मे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले के शैक्षणिक संस्थानों मे गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमे शिष्यों द्वारा गुरुओं का पूजन अर्चन कर शुभाशीष लिया गया। शासन द्वारा गुरु व शिष्य परम्परा को बनाये रखने के लिये कार्यक्रम आयोजित कराये गये। वही गुरूपूर्णिमा पर धर्म गुरूओं द्वारा चतुर्मास व्रत अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। झोंतेश्वर स्थित परमहंसी गंगा आश्रम मे महाराज श्री के शिष्य मंडल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर भक्तो की काफी भीड़ रही हजारों की संख्या में पहुंचकर भक्तो द्वारा पादुका पूजन किया गया।

**गुरुजनों को किया सम्मान-** महर्षि आश्रम में गुरुपूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन से प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात गुरु की महिमा पर अपने अपने विचार आश्रम प्रभारी सतीश श्रीवास्तव एवं अश्वनी भार्गव व्यक्त किए एवं प्राचार्य सुनील शर्मा एवं आचार्य राज पाठक द्वारा गणमान्यों का साल श्री फल एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर जिले के शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरू- शिष्य संस्कृति विषय पर चर्चा की। प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। द्वितीय दिवस में गुरू पूर्णिमा पर्व पर विद्यालयों में वीणा वादिनी मां सरस्वती वंदना, गुरू वंदना एवं दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में साधु- संतों, गुरूजनों, शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

**कलेक्टर ने घाट का निरीक्षण किया-** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं के आगमन पर नर्मदा नदी के तट पर स्थित बरमान घाट और राजराजेश्वरी घाट हीरापुर का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये। घाटों में बचाव दल, चिकित्सा दल, सुरक्षा दल को तैनात रहने को कहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। श्रद्धालुओं के लिए आवागमन हेतु सुरक्षा के लिए बैरीकेटिंग लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त रखने को कहा, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में कठिनाई न हो। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने इस अवसर पर राजराजेश्वरी मंदिर हीरापुर और बरमान घाट में स्थित मंदिरों का भ्रमण कर दर्शन लाभ लिया। उन्होंने इस अवसर पर धर्मशाला में पहुंचकर धर्मगुरूओं से भेंट की। इस अवसर पर एसडीएम मणिन्द्र सिंह सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**मां नर्मदा घाटो पर रही भीड़-** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर शिष्यों ने अपने-अपने गुरुओं का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बरमान के सतधारा, सीढ़ी घाट, रेत घाट पर अन्य तटो पर दमोह, सागर ,रायसेन, छिंदवाड़ा, सिवनी आदि जिलो से सरे भरकर , पैदल, दो पहिया, चार पहिया वाहनो से, बस में बैठकर श्रद्धालु भक्तों ने मध्य प्रदेश की जीवन दायनी मां नर्मदा नदी के तट पर आकर पूजा दर्शन कर दीपदान कर आरती कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की नर्मदा नदी की परिक्रमा करने वालों को अनाज का भी दान देकर पुण्य प्राप्त किया।

**प्राचार्य डॉ. एस के पाल हुए सम्मानित-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कमला नेहरु सांदीपनि विद्यालय भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में नरसिंहपुर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखपुर के प्राचार्य डॉ. एस के पाल को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इसी क्रम में गायत्री योग समिति द्वारा गायत्री सभागृह में गुरु पूर्णिमा पर गुरुजनों का सम्मान किया गया। समिति की ओर से बी एस पटेल शिव प्रसाद साहू एवं जे के पटेल द्वारा मां गायत्री और आचार्य श्रीराम शर्मा का पूजन अर्चन किया गया। उक्त अवसर पर साहित्यकार कवि गुरुवर अशोक त्रिपाठी योगगुरु एन सी जैन एवं जे के पटेल का समिति द्वारा सम्मान और अभिनंदन किया गया।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पर 2200 रुपए की वसूली कर चालानी कार्यवाही की

**गोटेगांव।** विगत दिवस केंद्रीय पर्यावरण वन ओर जलवायु मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 6 जुलाई 2022 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का ओर संशोधन करने के लिए प्रारूप नियम अधिसूचना 18 जनवरी 2022 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण भाग खंड 3, उप - खंड 1 मे तरीख 18 जनवरी 2022 को प्रकाशित की गई है मुख्य नगर पालिका अधिकारी सत्येंद्र शालवार के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र के फल,सब्जी,किराना,चाय,होटल ,मिष्ठान भंडार आदि दुकान पर चालानी कार्रवाई में दो हजार दो सौ रूपये की बसूली कर नगर पालिका टीम के द्वारा कार्यवाही की, नगर पालिका टीम में कार्रवाई के दौरान सुनील भनारे विकास राजपूत रमेश रावत धनीराम पटेल



कमलकांत सिलवाट संजय चांदोलिया गुलाब चंद्र बिषैले नवीन कटारिया मयूर दुबे हरिओम राय दीपक श्रीवास्तव अर्पित पटेल समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीईओ जिला पंचायत द्वारा कोचिंग की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गुरुवार को सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में संचालित निशुल्क जेईई व नीट निशुल्क कोचिंग की समीक्षा बैठक गुरुवार को ली। उन्होंने नरसिंहपुर विकासखंड के सभी हायर सेकेण्डरी शालाओं के प्राचार्यों से कहा कि वे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्यापन की व्यवस्था करें। नियमित रुप से उनके टेस्ट पेपर लिये जाये। बैठक में कोचिंग प्रभारी रामनरेश रावत ने कोचिंग की प्रगति व आगामी कार्य



योजना और उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य जीएस पटेल ने कोचिंग में दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में जेईई व नीट निशुल्क कोचिंग संचालित किया जा रहा है। इस वर्ष कक्षा 11 वीं व 12 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी इसका लाभ ले सकेंगे। स्थानीय शासकीय शालाओं के विद्यार्थी प्रात 7:30 बजे से 10 बजे तक उपस्थित होकर भौतिक, रसायन, गणित व जीव विज्ञान विषयों की प्रतियोगी परीक्षाओं का अध्ययन करते है। इस निशुल्क कोचिंग में लाइब्रेरी भी स्थापित की गई है। बैठक में शासकीय स्कूल नरसिंहपुर, डांगीढाना, भैसा पाला, धमना, सिंहपुर, झामर व बचई के प्राचार्य, फिजिक्स के नोडल तरुण मालवीय, बायोलॉजी के नोडल राजा ठाकुर, रसायन के नोडल मनीष शर्मा, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के गोविन्द प्रसाद बड़कुर सहित अन्य प्राचार्य व शिक्षक मौजूद थे।

## दो दिवसीय वादन एवं डांस प्रतियोगिता सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के विशेष सहयोग से म्यूजिक स्टेशन के तत्वावधान में दो दिवसीय ढ़ोलक वादन एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष सरदार सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सभी विधाओं में प्रतिभागियों ने अपना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि निश्चित ही ऐसे कार्यक्रमों से विभिन्न विधाओं में रुचि रखने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन होता रहता है, हमारा प्रयास भी यही होना चाहिए कि प्रतिभाओं को अवसर प्रदान किया जाए ताकि वह आगे जा सके। श्री पटेल ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं प्रदान की और उन्हें अपना स्नेहाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी सुनील कोठारी, वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रांतीय अध्यक्ष एस के चतुर्वेदी म्यूजिक स्टेशन के संचालक ताराचन्द्र पटेल व ध्रुव पटेल, निर्णायकगणों में माधव सेंदरे, पंकज सागर, महिपाल माही, संजू बाबा, विकास वैरागी की उपस्थिति रही। जिन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभाओं को परखा। कार्यक्रम का संचालन आयुषी सोनी ने किया।

## गुरु पूर्णिमा केवल एक तिथि नहीं, आत्मा के जागरण का वह क्षण है जहाँ शिष्य अपने अस्तित्व को गुरु चरणों में कर देता है अर्पित- सुबुद्धानंदजी



**गोटेगांव।** स्थित धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम इस आषाढ़ पूर्णिमा पर धर्म, साधना और भक्ति का जीवंत केंद्र बन गया। द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वतीजी महाराज ने प्रथम भगवान शिव का विधिपूर्वक अभिषेक कर गुरु पूर्णिमा महोत्सव की शुरुआत की। गंगाजल, दूध, दही, मधु और पुष्पों से पूजित शिवलिंग पर मंत्रोच्चार के बीच हुआ यह अभिषेक श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक आलोक का अनुभव रहा, भगवान शिव के पूजन के पश्चात शंकराचार्य जी महाराज ने वेदव्यास पूजन कर चार माह तक चलने वाले चातुर्मास व्रत का संकल्प लिया। यह व्रत त्याग, संयम, मौन और अध्ययन की महान परंपरा का प्रतीक है। चातुर्मास के इन दिनों में पूज्य शंकराचार्यजी परमहंसी गंगा आश्रम में ही प्रवास करेंगे और नियमित साधना, प्रवचन तथा गुरु परंपरा के अनुशीलन में रत रहेंगे।

**गुरु की समाधि पर श्रद्धांजलि -** शिष्यत्व की पूर्णतापूजनोपरांत पूज्य शंकराचार्य जी ने ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वतीजी महाराज की समाधि पर मौन नमन किया। गुरु-शिष्य की यह दुर्लभ परंपरा श्रद्धालुओं के लिए भावनात्मक क्षण बन गई। बहुत से भक्तों की आंखें उस पल नम थीं। मुख्य रूप से ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज एवंइस अवसर पर देश के विभिन्न भागों से दंडी स्वामी सन्यासी भी आश्रम पहुंचे। शास्त्रवेताओं, वैराग्य ध्वजाओं और गुरु-शिष्य परंपरा के प्रतीकों की यह उपस्थिति संन्यास परंपरा की शुद्धता और गरिमा को जीवंत करती रही। कई श्रद्धालुओं ने पहली बार इतनी संख्या में दंडी संन्यासियों का साक्षात दर्शन कर भावविभोर अनुभव किया।*ब्रह्मचारी सुबुद्धानंदजी महाराज* ‍‍‍‍‍"गुरु पूर्णिमा केवल एक तिथि नहीं, आत्मा के जागरण का वह क्षण है जहाँ शिष्य अपने अस्तित्व को गुरुचरणों में अर्पित कर देता है। परमहंसी गंगा आश्रम की यह भूमि, ब्रह्मलीन पूज्यपाद जगद्गुरु स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की तपस्थली रही है, और आज उनके परम शिष्य पूज्य शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के सान्निध्य में जब भगवान शिव का अभिषेक, वेदव्यास पूजन और चातुर्मास व्रत का संकल्प संपन्न हुआ – तब यह भूमि केवल आश्रम नहीं, एक जीवंत तपोवन बन गई।

## गुरु पूर्णिमा पर्व पर शिष्यों ने गुरुओं के यहां पहुंच कर किया पूजन अर्चन



**तेंदूखेड़ा।** पुराण महाभारत और अनेकों शास्त्रों के रचयिता महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला व्यास पूर्णिमा को पूरे भारत में गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। सनातन की महत्वपूर्ण गुरु शिष्य परम्परा को अक्षुण्ण और जीवन्त बनाये रखने वाले पर्व पर शिष्यों ने अपने अपने गुरुओं के यहां पहुंच कर पूजन अर्चन किया।इस मौके पर पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय प्रमोद पचौरी ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि गुरु हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। मनुष्यों में व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करके ज्ञान रूपी प्रकाश से मानव जीवन को प्रकाशित करने वाले एकमात्र गुरु ही होते हैं। जीवन की उलझनों को दूर करके सुलझे हुए व्यक्तित्व के साथ आत्मबल मनोबल वुद्धि विवेक ज्ञान-चेतना आध्यात्म प्रगति और आत्मशक्ति को प्रदान करके धर्म अर्थ काम और मोक्ष आदि पुरुषार्थ चतुष्टय को प्रदान करने वाले एकमात्र गुरु ही होते हैं। हमारी ऋषि परम्परा में गुरु को ब्रह्मा विष्णु और महेश से भी ऊपर माना जाता है। सद्गुरु मानव जीवन का एकमात्र आधार और प्रबंध होने के साथ एक नियंता का कार्य करते हैं। प्रत्येक व्यक्ति की सफलता के पीछे एक अच्छे गुरु का वरद हस्त होता है।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**तेंदूखेड़ा।** गुरु पूर्णिमा पर्व पर ब्रह्माकुमारी संस्थान के भाई बहनों ने ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी का पुष्प गुच्छ व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया । दीदी जी ने गुरु पूर्णिमा का आध्यात्मिक रहस्य बतलाते हुआ कहा कि गुरु अर्थात गुरुर को खत्म करने वाला। जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला हो। अर्थात अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाला हो। पूर्णिमा अर्थात पूरण माँ जो हमे पूर्णता की ओर ले जाने वाला हो।वह सच्चा सतगुरु परमात्मा ही है जो हमारी बुराई को निकाल देवत्व की ओर ले जाने आते है। आदि देव ब्रह्मा के तन में प्रविष्ट होकर वह सतगुरु का रोल भी अदा करते है। सच्चा सतगुरू सिर्फ एक ही परमात्मा है। बाकी सब गुरु है।गुरु पुर्णिमा पर गुरु को दान भी दिया जाता है। परमात्मा कौन सा दान लेते है बुराइयों का दान। दान अर्थात नकारात्मकता बुराइयों को दे देना । स्थूल दान से आत्मा में प्रकाश नही आता जब तक हम बुराइयों का दान न दे। सभी भाई बहनों को ईश्वरीय सौगात भेंट की ब्लेसिंग कार्ड दिए प्रसाद वितरण का कार्यक्रम का समापन हुआ।

## नगर में धूमधाम से निकली सांईबाबा की पालकी सजीव झांकियों ने दर्शकों का मन मोहा

**तेंदूखेड़ा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर में विविध आयोजन संपन्न हुये वहीं मनकेडी वालों के कारखाने में विराजमान सांईबाबा का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक वर्ष के अनुसार इस भी सांई मंदिर में सुबह से हवन पूजन भंडारा का आयोजन किया गया तथा दोपहर को नगर के मध्य एक विशाल पालकी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सांईबाबा की जीवंत झांकी भगवान शिव पार्वती और गणों का नृत्य नगर में जनाकर्षण का केंद्र बना रहा। जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर शोभायात्रा में चार चांद लगाये। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन स्थानीय गायकों द्वारा किया गया।



## संस्कार भारती स्कूल में हर्ष उल्लास से मनाई गुरु पूर्णिमा



### छात्रों ने किया गुरु का सम्मान

गोटेगांव

विगतदिवस संस्कार भारती कैलाश नाथ तिवारी पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना से हुई विद्यार्थियों ने अपने-अपने शिक्षकों को तिलक रोरी लगाकर पुष्प अर्पित कर पैर छूकर इनका आशीर्वाद लिया, तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिकार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई जिसमें भजन कविता पाठ नाटिका के माध्यम से गुरु की महिमा का वर्णन किया गया साथ ही साथ विद्यार्थियों ने गुरु गोविंद दोउ खड़े जैसे दोहों का मनोभावपूर्ण पाठ किया और गुरु की महिमा का वर्णन किया एवं छात्रों में हर्ष और उल्लास दिखा, वहीं प्राचार्य श्रीमती उर्मिल सोनपाली ने गुरु की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही वह दीप है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटा कर ज्ञान का प्रकाश फैलता है साथ ही साथ उन्होंने बच्चों को अपने माता-पिता और शिक्षकों का सदा सम्मान करने की प्रेरणा दी, कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी भागीदारी की और विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन छात्रों ने स्वयं किया जिसमें उनके नेतृत्व की भावना का भी विकास हुआ अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ विद्यालय परिवार ने इस अवसर को यादगार बना दिया, इस अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं अभिभावक उपस्थित थे।....

### श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में मनाया गया गुरु पूर्णिमा उत्सव

गोटेगांव गुरु पूर्णिमा का त्यौहार हमारे जीवन में गुरु की महत्ता को दर्शाता है यह दिन ज्ञान मार्गदर्शन और आशीर्वाद का प्रतीक है अपने गुरुओं को सम्मानित करने और उनकी कृपा के प्रति आभार व्यक्त करने का ये सर्वोत्तम मौका होता है इसी क्रम में आज श्रीदेव मुरलीधर विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें ज्ञान की देवी मां सरस्वती जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वतीजी महाराजजी एवं आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा संस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई एवं गुरु के महत्व को विद्यार्थियों द्वारा बताया गया । इस अवसर पर बाल शिक्षा समिति सचिव बी.डी सोनी कोषाध्यक्ष शिवाजीत ताम्रकार सहसचिव आनंद अग्रवाल संस्था प्राचार्य शिव शंकर पाठक, उप प्राचार्य संदीप जैन प्रधान पाठक संदीप वर्मा प्रधान पाठक दीपक कुशवाहा सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राएं की उपस्थिति रही।

